**अभ्यास प्रश्न पत्र - 4 (2020-21)**

**कक्षा 12**

**विषय :राजनीति विज्ञान (028)**

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश:-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. खंड ए में 1-16 तक सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं।
3. खंड बी में अवतरण पर आधारित प्रश्न 17 और 18 हैं और प्रत्येक 1 अंकीय प्रश्न बहुविकल्पीय पर आधारित है।
4. प्रश्न संख्या 19-22 में 2 अंक हैं। इन सवालों के जवाब प्रत्येक के 40 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
5. प्रश्न संख्या 23-27 में प्रत्येक पर 4 अंक हैं। इन सवालों के जवाब 100 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
6. प्रश्न संख्या 28-29 मानचित्र और कार्टून प्रश्नों से संबंधित है, जिनमें से प्रत्येक के अनुसार 5 अंक दिए जा सकते हैं।
7. प्रश्न संख्या 30-32 में प्रत्येक पर 6 अंक हैं। इन प्रश्नों का उत्तर प्रत्येक को 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

**खंड ए**

1. दूसरे विश्व युद्ध के समय जर्मनी-इटली-जापान के समूह को किस नाम से जाना जाता था ? 1

क) धुरी राष्ट्र

ख) मित्र राष्ट्र

ग) गुटनिरपेक्ष राष्ट्र

घ) साम्यवादी राष्ट्र

2. 9 अगस्त 1945 को अमेरिका द्वारा जापान पर गिराए गए परमाणु बम का नाम क्या था?1

क) लिटिल बॉय

ख) फैट मैन

ग) फ़ास्ट बॉय

घ) यंग लेडी

3.सोवियत संघ का विघटन कितने गणराज्यों में हुआ?1

4.बाल्टिक गणराज्यों के नाम लिखिए।1

5. दिए गए कथन के लिए सही अथवा गलत लिखिए।1

“शॉक थेरपी” विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के निर्देशन में चलाई गयी ।

6. निम्नलिखित में से कौन सा देश मध्य एशिया का हिस्सा नहीं है ?1

क) लिबिया

ख) अल्जीरिया

ग) ट्यूनीशिया

घ) ऑस्ट्रिया

7. यूरो किस संगठन की मुद्रा का नामहै?1

8. आसियान संगठन की स्थापना किस वर्ष में हुई?1

9. दक्षिण एशिया के किस देश में लम्बे समय तक तमिल और सिंहली समुदायों के बीच संघर्ष चला ?1

क) पाकिस्तान

ख) बांग्लादेश

ग) श्रीलंका

घ) नेपाल

10. "लोकतंत्र - जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन है" यह परिभाषा किस के द्वारा दी गयी । 1

11. स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत में लगभग कितनी रियासतें थीं ?1

क) 400 ख) 555

ग) 565 घ) 700

12.दिए गए कथन के लिए सही अथवा गलत लिखिए । 1

" पोट्टि श्रीरामुलु" ने आंध्र राज्य के निर्माण के लिए अनिश्चितकालीन उपवास किया

13.केंद्रीय राजनीति में गठबंधन सरकार के दौर की शुरुआत कब से मानी जाती है? 1

14. भ्रष्टाचार के खिलाफ किस पद के गठन के लिए श्री जय प्रकाश नारायण जी

ने प्रयास किया ? 1

15. 2019 के आम चुनावों में किस राजनैतिक दल को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ? 1

16. “प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना” का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस से है? 1

क) पानी की आपूर्ति

ख) सड़क निर्माण

ग) घरेलू गैस ( L.P.G )

घ) बैंक में खाता खोलना

**खंड- बी**

**17. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: (1+ 1+ 1 + 1 = 4)**

ब्रिक्स (BRICS) को क्रमश: ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के लिए संदर्भित किया गया है। ब्रिक (BRIC) की स्थापना 2006 में रूस में हुई थी। वर्ष 2009 में अपनी पहली बैठक में दक्षिण अफ्रीका को शामिल किए जाने के बाद BRIC, (BRICS) ब्रिक्स में बदल गया। BRICS का मुख्य उद्देश्य अपने सदस्यों के बीच आपसी आर्थिक लाभों का सहयोग और वितरण करना है। इसके अलावा आपसी समानता और प्रत्येक राष्ट्र की आंतरिक नीति में गैर-हस्तक्षेप है। ब्रिक्स (BRICS) का 11 वां सम्मेलन ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो द्वारा 2019 में ब्राजील में संपन्न हुआ।

17.1 ब्रिक (BRIC) की स्थापना किस वर्ष में हुई ?

a) 2003 b) 2006 c) 2009 d) 2011

17.2 ब्रिक्स की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्या है?

a) आर्थिक सहयोग

b) सामरिक सहयोग

c)सांस्कृतिक सहयोग

d)इनमें से कोई नहीं

17.3 किस देश को शामिल करने से ब्रिक, ब्रिक्स में परिवर्तित हो गया ?

a) भारत b) रूस

c) चीन d)दक्षिण अफ्रीका

17.4 ब्रिक्स का 11वां सम्मेलन (2019 में) कौन से देश में हुआ ?

a) भारत

b) रूस

c) ब्राजील

d) दक्षिण अफ्रीका

**18. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: (1+ 1+ 1 + 1 = 4)**

भारत के पहले प्रधानमंत्री ने जवाहरलाल नेहरू ने राष्ट्रीय एजेंडा तय करने में निर्णायक भूमिका निभाई ।वे भारत के प्रधानमंत्री के साथ-साथ विदेश मंत्री भी थे।

प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के रूप में 1946 से 1964 तक उन्होंने भारत की विदेश नीति की रचना और क्रियान्वयन पर गहरा प्रभाव डाला ।नेहरू की विदेश नीति के तीन बड़े उद्देश्य थे -कठिन संघर्ष से प्राप्त संप्रभुता को बनाए रखना, क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखना, और तेज रफ्तार से आर्थिक विकास करना ।नेहरू इन उद्देश्यों को गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाकर हासिल करना चाहते थे । उन दिनों देश में कुछ पार्टियां और समूह ऐसे भी थे जिनका मानना था कि भारत को अमेरिकी खेमे के साथ ज्यादा नजदीकी बढ़ानी चाहिए क्योंकि इस खेमे की प्रतिष्ठा लोकतंत्र के हिमायती के रूप में थी। इस धारा पर सोचने वालों में डॉ भीमराव अंबेडकर भी शामिल थे । साम्यवाद की विरोधी कुछ राजनीतिक पार्टियां भी चाहती थी कि भारत अपनी विदेश नीति अमेरिका के पक्ष में बनाए ऐसे दलों में भारतीय जनसंघ और स्वतंत्र पार्टी प्रमुख थे ।लेकिन, विदेश नीति को तैयार करने के मामले में नेहरू को खासी बढ़त हासिल थी।

18.1 स्वतंत्र भारत की विदेश नीति का निर्माता किसे कहा जाता है?

a) सरदार पटेल b) महात्मा गांधी

c) जवाहरलाल नेहरू d) भीमराव अंबेडकर

18.2 नेहरू की विदेश नीति के उद्देश्य थे -

a) कठिन संघर्ष से प्राप्त संप्रभुता को बचाए रखना

b) क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखना

c) तेज रफ्तार से आर्थिक विकास करना

d) उपरोक्त सभी

18.3 ‘लोकतंत्र के हिमायती’ उपरोक्त गद्यांश में किसके लिए प्रयुक्त किया गया है ?

a) भीमराव अंबेडकर

b) संयुक्त राज्य अमेरिका

c) स्वतंत्र पार्टी

d) भारतीय जनसंघ

18.4 भारत के प्रथम विदेश मंत्री कौन थे?

a) जवाहरलाल नेहरू

b) भीमराव अंबेडकर

c) सरदार पटेल

d) सी राजगोपालाचारी

**खंड- सी**

19. आसियान की स्थापना कब हुई? आसियान के संस्थापक राष्ट्र कौन कौन से थे ? ½+1½=2

20. संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख उद्देश्य कौन-कौन से हैं? 2

21. चुनावों की एक दलीय प्रणाली तथा बहुदलीय प्रणाली की एक-एक विशेषता लिखिए ? 1+1=2

22. प्रेस की सेंसरशिप से आप क्या समझते हैं?

2

अथवा

आपातकाल से आप क्या समझते हैं?
2

**खंड -डी**

23. शीत युद्ध के दौर में सोवियत संघ और अमेरिका (US/ USA) की अर्थव्यवस्था में क्या असमानता थी?
4*1=4

24. संयुक्त राष्ट्र संघ की निम्न संस्थाओं के बारे में आप क्या जानते हैं ?
2+2=4

i) UNICEF

ii) ILO

25. गुटनिरपेक्षता की प्रासंगिकता के कोई चार तर्क दीजिए। 4

अथवा

क्यूबा मिसाइल संकट का वर्णन कीजिए। 4

26. पाकिस्तान के लोकतंत्रीकरण में कौन कौन सी कठिनाइयां हैं? वर्णन कीजिए।
4*1=4

अथवा

भारत और बांग्लादेश के मध्य कोई दो सहयोग तथा दो असहयोग के मुद्दों का वर्णन करें। 2+2=4

27. 'नीति आयोग' से आप क्या समझते है? 4

**खंड-ई**

**28. भारत के दिए गए मानचित्र में ए, बी ,सी ,डी , ई , राज्य दर्शाए गए हैं . नीचे दी गई जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिए और उनके नाम , प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर को दी गई तालिका के रूप में अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। (1+1+1+1+1=5)**


| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| 1) | | |
| 2) | | |
| 3) | | |
| 4) | | |
| 5) | | |

1. वह राज्य जहां जनवरी 1974 में छात्रों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया।
2. 1977 के चुनावों में इस राज्य से कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली।

3. नक्सलवाद की शुरुआत करने वाला राज्य ।

4. पंडित दीनदयाल उपाध्याय से संबंधित राज्य

5. वह राज्य जहां कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनी




**निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 28 के स्थान पर हैं इनके उत्तर लिखें।**

1. आपातकाल के समय भारत के राष्ट्रपति कौन थे?

2. प्रथम लोकतांत्रिक अभियुत्थान को किस दशक तक चिन्हित किया जाता है ?

3. 1977 के चुनावों के बाद किस पार्टी की सरकार बनी थी ?

4. शाह आयोग की स्थापना कब हुई थी ?

5. राम मनोहर लोहिया कौन थे?

**29. दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए I (1+2+2=5)**

**( दो अंक के प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए I)**




29(i) यह कार्टून कौन सी घटना पर आधारित है ? 1

29(ii) इस कार्टून में दिखाई गई महिला कौन है ? और इतनी खुश क्यों है ? 2

29(iii) गले में फूलों की माला पहने हुए व्यक्ति कौन है ? 2

**नोट:- निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर है ।**

भारत में एक दलीय व्यवस्था के स्थापित होने की मुख्य कारणों का वर्णन कीजिए। 5

**खंड-एफ**

30.वैश्वीकरण के कारण विकासशील देशों में राज्य गतिविधियों की भूमिका में वृद्धि और कमी की व्याख्या करें। 6

अथवा

वैश्वीकरण की व्याख्या करें। वैश्वीकरण किस प्रकार एक बहुआयामी अवधारणा है ? 2+4=6

31. भारतीय संघ में देसी रजवाड़ों के विलय में सरदार पटेल की भूमिका की व्याख्या कीजिये । 6

अथवा

भारत की केन्द्रीय सरकार को 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग स्थापित करने के लिए किसने विवश किया ? आयोग की मुख्य सिफारिशों का भी उल्लेख करें । 6

32. आपके विचार में क्या गठबंधन सरकारों का युग समाप्त हो गया है? अपने उत्तर के पक्ष में उपयुक्त तर्क दीजिए । 6

अथवा

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उदय का वर्णन करें। 6

********